इंडियन एयरलाइंस द्वारा फ्लाइट सिमुलेटरों की खरीद

1534. **श्री अजीत जोगी :**

श्री छोटू भाई पटेल :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन एयरलाइंस ने दो फ्लाइट सिमुलेटर खरीदे हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या खरीदने से पूर्व इनकी जांच की गई थी, और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) इंडियन एयरलाइंस ने 32.56 मिलियन अमरीकी डालर की लागत से दृश्य सुविधाओं सहित दो एयरबस-ए-320 सिमुलेटरों की खरीद की है ।

(ग) और (घ) सिमुलेटर तत्काल तैयार रूप में उपलब्ध नहीं होते । इनका निर्माण ग्राहक विशिष्टताओं के अनुसार किया जाता है । एयर बस ए-320 के लिए पहले सिमुलेटर का परीक्षण पूरी तरह से निर्माण संयंत्र पर और प्रतिष्ठापन के बाद केन्द्रीय प्रशिक्षण स्थापना हैदराबाद में किया गया था । जहां तक दूसरे सिमुलेटर का संबंध है, विनिर्माता के परिसर से इसका प्रेषण प्रतिष्ठापन के बाद इसके पूर्ण परीक्षण और केन्द्रीय प्रशिक्षण स्थापना, हैदराबाद में स्वीकार्यता की शर्त पर किया गया था ।

मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में पर्यटकों का आना

1535. **श्री अजीत जोगी :**

श्री छोटूभाई पटेल :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में कुल कितने विदेशी पर्यटक आए; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन पर्यटकों से वहां कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) गुजरात सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गुजरात में वर्ष 1990, 1991 और 1992 के दौरान (अक्तूबर तक) क्रमश: 3274, 2802 और 1768 विदेशी पर्यटक आए । महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के संबंध में इस प्रकार की सूचना राज्य सरकारों से प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) पर्यटन से होने वाली विदेशी मुद्रा आय का अनुमान राज्यवार नहीं लगाया जाता है ।

Indian Airlines agreement with ICPA

1536. SHRI MENTAY PADMANABHAM : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Indian Airlines and ICPA have signed and agreement resolving one of the major demands of the pilots;

(b) if so, what are the details of the agreement signed between Indian Airlines and ICPA on the 22nd February, 1993;

(c) what was the extent of concessions granted by Indian Airlines indicating what was offered by Indian Airlines prior to the forty-five days strike ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) to (c) On 21st February, 1993 the management of Indian Airlines and ICPA signed an agreement, the salient features of which are the following :

(i) Management agreed to increase Meal Allowance as follows :

(a) Increase of 50% for the period 1-1-91 to 31-12-92 over the amount admissible on 1-11-1989,